# St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

**Hindi Grammar : (2nd Term)** **( Worksheet –9)** **Date: 17.08.2020**
**Topic: अपठित गदयांश** **Class -3**

---

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

एक महात्मा बरसाती नदी में नहा रहे थे। उन्होंने देखा कि एक बिच्छू नदी की धारा में बहा जा रहा है। महात्मा ने उसे बचाना चाहा। उन्होंने आगे बढ़कर उसे हाथ में उठा लिया। बिच्छू ने महात्मा के हाथ में डंक मारा , जिससे उनका हाथ हिल गया और बिच्छू पानी में गिरकर बहने लगा।

महात्मा ने बिच्छू को फिर उठाया। इस बार भी बिच्छू ने डंक मारा। महात्मा का हाथ हिला और बिच्छू फिर से पानी में गिर गया। महात्मा ने तीसरी बार फिर उसे उठाया। पास नहाने वाले एक सज्जन ने महात्मा से कहा कि बिच्छू बार - बार उन्हें डंक मार रहा है , फिर भी वह उसे बचाना चाहते है। महात्मा ने कहा कि इसका स्वभाव डंक मारना है और मेरा स्वभाव बचाना है। जब यह कीड़ा होकर भी अपना स्वभाव नहीं छोड़ता, तो वे मनुष्य होकर अपना स्वभाव कैसे छोड़ सकते हैं।

1 बिच्छू कहाँ था ?

2 महात्मा ने बिच्छू को देखकर क्या किया ?

3 बिच्छू के डंक मारने पर क्या हुआ ?

4 एक सज्जन ने महात्मा से क्या कहा ?

5 महात्मा ने सज्जन को क्या उत्तर दिया ?

6 इस कहानी का शीर्षक बताओ।

खाली जगह भरो :-

7 _______ ने तीसरी बार फिर उसे उठाया।

8 एक महात्मा _______ नदी में नहा रहे थे।

किसने , किससे कहा ?

9 बिच्छू बार - बार उन्हें डंक मार रहा हैं।

विलोम शब्द

10 महात्मा - ________

वचन बदलो :-

11 नदी - _________

पर्यायवाची शब्द लिखो :-

12 जल -

एक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो :-

13 _______

एक विशेषण छाँटकर लिखो :-

14 _______

वाक्य बनाओ :-

15 स्वभाव - _______________

Poonam Mehra